# मोहयाल मित्र

**सर्वे भवंतु सुखिनः। सर्वे संतु निरामयाः। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःखभागभवेत्ः।।**

## महाशिवरात्रि

महाशिवरात्रि व्रत फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि अर्थात् फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की चौदह तारीख को किया जाता है। शिव का अर्थ कल्याण करने वाला। चतुर्दशी तिथि के स्वामी भी शिव ही हैं। वैसे तो प्रत्येक मास की कृष्ण चतुर्दशी शिवरात्रि के रुप में मनायी जाती है। किन्तु फाल्गुन की चतुर्दशी अपना एक विशेष महत्व रखती है। इस तिथि को भगवान शिव अर्ध रात्रि को ज्योतिर्मय लिंग स्वरूप हो गए थे। इसलिए यह तिथि महाशिवरात्रि के लिए महत्वपूर्ण हैं।

व्रत विधि कई प्रकार से होती है किन्तु सर्वसाधारण के लिए विधियाँ रात्रि के आरम्भ में तथा मध्यरात्रि में भगवान शिव का पूजन करके व्रत पूर्ण कर सकते हैं। या पूरे दिन व्रत रखकर सांयकाल पूजा करके व्रत पूर्ण किया जा सकता हैं। (भद्रा आदि का ध्यान रखे) भद्रा में व्रत न खोले। इससे भगवान शिव की भक्त पर कृपा सदैव बनी रहती हैं। जीवन में सुख व ऐश्वर्य की प्राप्ति होती हैं।

शिवरात्रि पर्व पर रात्रि जागरण से महापुण्य की प्राप्ति होती है। इस दिन साधना एवं गुरुमन्त्र दीक्षा आदि के लिए विशेष सिद्धिदायक मुहुर्त होता है। इस दिन दान पुण्य पूजा आदि का विशेष फल प्राप्त होता है।

**पूजन विधिः** शिवरात्रि को प्रदोषकाल (रात्रि का आरम्भ) में या अर्धरात्रि के समय शुद्ध अवस्था में पारद (पारा) या स्फटिक शिवलिंग की स्थापना करके सर्वप्रथम गंगाजल से स्नान कराऐं। फिर दूध, दही, घी, शक्कर से क्रमानुसार स्नान कराकर चन्दन लगाएँ, फिर फूल, बेल पत्ता (बेल पत्ते सदैव उल्टा चढ़ाते हैं।) आदि अर्पित करके धूप–दीप से पूजन करें। निम्न मन्त्रों में से किसी एक मंत्र की माला यदि प्रतिदिन आप करें तो लाभकारी होगा। माला रुद्राक्ष या स्फटिक की ही लें:

(1) ऊँ नमः शिवाय

(2) "ऊँ त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुठिरवर्धनम्।
उर्वारुकमिण बन्धनान् मृत्योमुक्षीय मामृतात्"।।

नोटः इस दिन रुद्राक्ष धारण करना भी लाभकारी होता है।

*लेखकः **विरेन्द्र छिब्बर,** ज्योतिष आचार्य*
*EA-94, इन्द्रपुरी, नई दिल्ली 110012*
*मो. 9818094655*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# मोहयाल आश्रम वृंदावन यात्रा एक अनुभव

सौभाग्य से मुझे अपने परिवार सहित वृंदावन धाम जाने का अवसर मिला। इस अवसर को मैं यूँ हीं नहीं गँवाना चाहता था। सो मैं जालन्धर से चल कर पहले फरीदाबाद गया। वहाँ से मैंने अपने बहुत ही करीबी रिश्तेदार जो कि मोहयाल सभा फरीदाबाद के सेक्रेटरी भी हैं।

श्री के.एस. बाली तथा उनके एक अन्य साथी श्री विनय बक्शी भी हमारे साथ थे। हम चारों वहाँ स्थित मोहयाल आश्रम जोकि आश्रम विहार में है के मैनेजर श्री आर.के. दत्ता हमारा



स्वागत किया। उन्होंने भवन की गतिविधियों के बारे में हमें विस्तार से जानकारी दी। हम भी वहाँ की साफ–सफाई तथा रखरखाव देखकर बड़े खुश हुए। यहाँ के कमरे बहुत अच्छे थे और रहने तथा खान–पान की व्यवस्था बहुत सुन्दर थी। लेकिन कमी थी तो केवल एक चीज़ की कि वहाँ पर मनोरंजन का कोई साधन नहीं था। यदि कुछ टी.वी. आदि लग जाएँ तो सोने पर सुहागा। पता चला कि कुछ लोगों ने तो इसलिए भी रहना उचित नहीं समझा कि मनोरंजन का कोई साधन नहीं है।

***के.के. बाली,*** *मेजर कालोनी, जालन्धर, प्रेज़ीडेंट एंटी क्रप्सन ट, मो. 8837889210*

# श्रीमती पूनम (दत्ता) मिश्रा सम्मानित

श्रीमती पूनम (दत्ता) मिश्रा को सर्व भाषा ट्रस्ट (रजिस्टर्ड) द्वारा 'सूर्यकांत त्रिपाठी निराला सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके पहले काव्य–संग्रह 'पतझड़ और



बहार' के लिए दिया गया। यह सम्मान उन्हें संस्था के अध्यक्ष श्री अशोक लव ने प्रदान किया। इस अवसर पर देश के 33 साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य–अतिथि श्री ओ.पी. मोहन को 'लाइफ़ टाइम एचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। संस्था के समन्वयक–सचिव श्री केसब मोहन पांडेय ने 'पतझड़ और बहार' की कविताओं की प्रशंसा की। उन्होंने श्री ओ.पी. मोहन के सामाजिक कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अशोक लव ने की। सम्मान–समारोह साहित्य अकादमी ऑडिटोरियम, मंडी हाऊसश नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

श्रीमती पूनम (दत्ता) मिश्रा जालंधर के ख्याति प्राप्त मोहयाल स्वर्गीय श्री वेद प्रकाश दत्ता जी की सुपुत्री हैं। वे प्रोफ़ेसर विजय कुमार दत्ता और श्री अरुण दत्ता की बहन हैं। सर्व भाषा ट्रस्ट द्वारा आयोजित समारोह में उन्होंने अपनी कविताएँ सुनाकर श्रोताओं को मंत्र–मुग्ध कर दिया था। श्रीमती पूनम (दत्ता) मिश्रा ने वयोवृद्ध मोहयाल श्री ओ.पी. मोहन से आशीर्वाद लिया और उन्हें 'लाइफ़ टाइम एचीवमेंट अवार्ड' मिलने पर बधाई दी।

# 40वीं वैवाहिक सालगिरह पर बधाई



श्रीमती आशा बाली व श्री विरेन्द्र पाल बाली निवासी 43 प्रेमनगर, अंबाला शहर की वैवाहिक वर्षगांठ 14.10.2018 के उपलक्ष पर श्रीमती आशा बाली व श्री विरेन्द्र पाल बाली ने 250 रु. मोहयाल सभा अंबाला शहर व 250 रु. जी.एम.एस. में स्व. रायज़ादा अनंतराम बाली विधवा फंड ट्रस्ट में भेंट किए। इस शुभ अवसर पर बाली जी को बधाई।

***पंकज बाली,*** *प्रधान, मोहयाल यूथ विंग अंबाला शहर*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# स्थानीय मोहयाल सभाओं की गतिविधियाँ

## अंबाला कैंट

दिनाँक 30.12.2018 आर–28 महेश नगर (निवासी स्थान श्री एम.एल. दत्ता) प्रधान श्री नरेश वैद की अध्यक्षता में मीटिंग शुरु हुई, जिसमें 9 मोहयाल सदस्यों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के बाद फाइनेंस सेक्रेटरी श्री धर्मेंद्र वैद ने पिछली मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई तथा सबने इसका अनुमोदन किया।

प्रधान जी ने खेद व्यक्त किया कि सभा सदस्यों की घरेलू परिस्थितियों के कारण मीटिंग नहीं बुलाई जा सकी। नव वर्ष 2019 के बधाई कार्ड, जी.एम.एस. तथा अन्य लोकल सभाओं को भेजने का निर्णय लिया गया। 'मोहयाल मित्र तथा वार्षिक सदस्यता के साथ लोकल सभा की वार्षिक सदस्यता 2019 के लिए, राशि जमा करने के लिए कहा गया।

19 अगस्त 2018 को प्रधानमंत्री रिलीफ़ फंड (केरला में बाढ़ प्रभावित शरणार्थी) लोगों की सहायता हेतु भेजे गए 5100 रु. पीएम ऑफिस श्री ए.के. दास अंडर सेक्रेटरी द्वारा प्रधानमंत्री जी की तरफ से धन्यवाद पत्र तथा औपचारिक रसीद भेजी गई, इस पढ़ कर सुनाया गया। सब सदस्यों ने इसकी सराहना की।

मौजूद सदस्यों ने जी.एम.एस. के मोहयाल मित्र–2019 तथा वार्षिक सदस्यता की राशि जमा करा दी।

नव वर्ष 2019 की बधाई तथा शुभकामनाओं के साथ सभा समाप्त हुई। अगली मीटिंग 3 फरवरी 2019 को होगी।

***नरेश वैद,*** *प्रधान* — *मो. 9416754889*
***एचएफओ एम.एल. दत्ता,*** *महासचिव* — *मो. 9896102843*

## फरीदाबाद

मोहयाल सभा की मासिक बैठक 6 जनवरी 2019 को मोहयाल भवन में श्री रमेश दत्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें लगभग 55 भाई–बहनों ने भाग लिया। मोहयाल प्रार्थना के उपरांत सुखदेव दत्ता व भारत भूषण वैद की माता श्रीमती सुदर्शन वैद का निधन पंजाबी कॉलोनी फरीदाबाद में हुआ। सभी ने दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

रायज़ादा के.एस. बाली ने पिछले माह की रिपोर्ट पढ़कर सुनाई व सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकमानाएँ दीं। उन्होंने बताया कि आज श्री ओ.पी. मोहन जी व सुमन दत्ता जी पैटर्न मोहयाल सभा फरीदाबाद दोनों ही उपस्थित हैं। उन्होंने सभा में आने के लिए उनका धन्यवाद किया।

श्री रमेश दत्ता ने बताया कि नवीन मेहता जी की पुत्री कशिश मेहता जो कक्षा 8वीं में पढ़ती है, स्टेट बॉक्सिंग व नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीत कर लाई है। सभी ने उन्हें बधाई दी व कशिश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नवीन मेहता जी ने सभी का मुँह मीठा करवाया। श्री ओ.पी. मोहन ने 1000 व श्री रमेश दत्ता ने 500 रुपए ईनाम स्वरूप दिए। उन्होंने बताया कि 10 फरवरी को जी.एम.एस. की ए.जी.एम. होगी। जो भाई–बहन लाईफ़ मेंबर हैं व जाने के इच्छुक हैं, वे हमें 3 फरवरी तक बता दें ताकि उनका दिल्ली जाने का प्रबंध किया जा सके।

इस मौके पर श्री मिथलेश दत्ता ने निम्न राशि एकत्र की– श्री सिद्धार्थ दत्ता ने अपने पिता श्री सुखदेव दत्ता की याद में 1000 रुपए दान दिए। श्री भारत भूषण वैद ने अपनी माता सुदर्शन वैद की याद में 500 रु., श्री जगमोहन छिब्बर ने 500 रु., श्री नवीन मेहता ने 250 रु. और श्री भारत भूषण ने 150 रु. सभा को सहयोग राशि के रूप में दिए।

श्री नगेन्द्र दत्ता (सीनियर वाईस प्रेसीडेंट) ने नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और बताया कि आज के खाने की व्यवस्था श्रीमती सुमन दत्ता के द्वारा की गई है। उन्होंने अपनी व सभा की ओर से उनका धन्यवाद किया।

इस मौके पर नववर्ष व लोहड़ी के उपलक्ष्य में श्रीमती बाला बाली, आशु वैद, गायत्री छिब्बर, किरण मोहन, मनु वैद, किम्मी दत्ता व अन्य सभी उपस्थितजनों ने मिलकर भजन, देशभक्ति व लोहड़ी के गीत गाकर आनंद उठाया।

श्री रमेश दत्ता ने सभी उपस्थित भाई बहनों को ऐसे ठंड के मौसम में भी सभा में आने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि अगले माह की मीटिंग 3 फरवरी को मोहयाल भवन में ही होगी। सभी से उपस्थित रहने का आग्रह किया।

***रमेश दत्ता,*** *प्रधान* — *मो. 9212557095*
***रायज़ादा के.एस. बाली,*** *महासचिव* — *मो. 9899068573*

## आगरा

मोहयाल सभा आगरा की मासिक बैठक दिनांक 06.01.2019 दिन रविवार को श्री कामरान संयोजक महोदय की अनुपस्थिति में श्री राजेश दत्ता अध्यक्ष के निवास स्थान 20, निखिल गार्डन, फेस–2, आगरा पर सम्पन्न हुई।

बैठक में श्रीमती कुमुद मेहता के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर शोक एवं शान्ति पाठ कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर सभा का समापन कर दिया गया। इस कारण अन्य कोई कार्यवाही नहीं हुई। और बैठक समाप्त की घोषणा कर दी।

***एस.पी. दत्ता,*** *सचिव*


For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## पानीपत

सभा की मासिक बैठक 6 जनवरी 2019 को श्री राजकुमार की अध्यक्षता में, श्री ऋत मोहन के निवास स्थान पर संपन्न हुई। मोहयाल प्रार्थना एवं गायत्री वंदना के उच्चारण के पश्चात सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी। प्रभु से कामना की कि आने वाला समय मोहयाल सभा पानीपत व पूरी मोहयाल बिरादरी के लिए खुशनुमा हो। साथ ही सदस्यों ने लोहड़ी एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ भी दीं।

सदस्यों को सूचना दी गई कि 10 फरवरी 2019 को मोहयाल फाउंडेशन, नई दिल्ली में ए.जी.एम. का आयोजन किया जा रहा है, अतः सभी जी.एम.एस. आजीवन सदस्य इसमें भाग लें, ताकि उन्हें जनरल मोहयाल सभा द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी मिल सके। श्री रमन दत्ता की बेटी शिवि दत्ता ने जिला स्तरीय गायन प्रतियोगिता में बाल विकास स्कूल की तरफ से भाग लेते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके लिए दत्ता परिवार को बधाई दी गई।

मोहयाल सभा करनाल का मोहयाल मिलन 30 दिसम्बर 2018 को था। इसके सफल आयोजन के लिए सभा को बधाई दी गई। पानीपत से श्री ऋत मोहन, श्री नरिंदर छिब्बर, श्रीमती उषा दत्ता व श्री लवनीश मेहता तथा उनका परिवार शामिल हुआ।

श्री आनंद बक्शी जो काफी बीमार चल रहे हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गई। पूर्व प्रधान श्री कैलाश वैद अस्वस्थ हैं। उनके स्वस्थ होने की भी कामना की गई। श्रीमती रणजीत कौर भी स्वास्थ्य लाभ कर रही हैं। उनके भी जल्द ठीक होने की प्रार्थना करते हैं।

अंत में शांति पाठ के साथ सभा संपन्न हुई। सभा के आयोजन व जलपान की व्यवस्था के लिए श्रीमती सुनीता मोहन व श्री ऋत मोहन का धन्यवाद किया गया।

***नरिंदर छिब्बर***
*मो. 09416412184, 08222023131*

## जगाधरी वर्कशॉप

मोहयाल सभा जगाधरी वर्कशॉप की मासिक बैठक 6 जनवरी को जंजघर में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश मेहता लौ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्वप्रथम मोहयाल प्रार्थना पढ़ी। उसके बाद मोहयाल सभा के महासचिव सुरेंद्र मेहता छिब्बर द्वारा सभी आए हुए भाई–बहनों को नववर्ष के साथ–साथ लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई दी गई।

श्री नरेश मेहता ने बताया कि वह श्री राजेन्द्र बाली के साथ देहरादून में आयोजित मोहयाल मेले में गए थे जहाँ भारी संख्या में मोहयाल इकट्ठा हुए थे। वहीं करनाल में आयोजित मोहयाल मेले में सभा के कैशियर अश्विनी बाली गए थे। जिन्होंने बताया कि करनाल सभा द्वारा अपनी ओर से विधवाओं के लिए 500 रुपए प्रति माह की पेंशन शुरु की गई है। इसके अलावा जो विद्यार्थी आठवीं एवं 10वीं और 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लेकर आते हैं उन्हें सभा द्वारा सम्मानित किया जाता है। सभा द्वारा मोहयाल सभा करनाल व मोहयाल सभा देहरादून का धन्यवाद किया गया।

इस अवसर पर सदस्यों ने मोहयाल सभा की सदस्यता बढ़ाने का आह्वान किया। इस बैठक में पूर्व अध्यक्ष दिलबाग राय मेहता, विजय मेहता, सुरेंद्र वैद, ज्योति मेहता, रीटा मेहता, अनुराधा, संतोष रानी, सीता रानी, ललिता वैद सहित अन्य मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। नव वर्ष पर सभा द्वारा सभी का मुँह मीठा कराकर एक दूसरे को बधाइयाँ दीं। सभा समाप्त हुई।

***सुरेन्द्र मेहता छिब्बर,*** *महासचिव*
*मो. 9355310880*

## बराड़ा

मोहयाल सभा बराड़ा की मासिक बैठक दिनाँक 6.01.2019 को सभा के प्रधान सरदार हरदीप सिंह वैद की अध्यक्षता में गायत्री मंत्रोच्चारण व मोहयाली प्रार्थना के बाद श्री राजीव दत्ता के निवास स्थान दो सड़का में सम्पन्न हुई। सभा के वित्त–सचिव श्री बलदेव सिंह दत्ता ने पिछले महीने की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। जिस पर सबने अपनी सहमति प्रकट की।

सभा में यह विचार किया गया कि मीटिंग में युवा व स्त्रियाँ भाग लें, ताकि उन्हें मोहयाल कौम के बारे में पता चले।

अन्त में सभा में आए हुए सभी सदस्यों ने जलपान के लिए श्री राजीव दत्ता परिवार का धन्यवाद किया।

***रविन्द्र छिब्बर,*** *सेक्रेटरी*
*मो. 9466213488*

## होशियारपुर

मोहयाल सभा होशियारपुर की ओर से नव वर्ष के आगमन पर प्रधान श्री श्याम सुन्दर दत्ता की अध्यक्षता में मोहयाल भवन न्यू बैंक कॉलोनी ऊना रोड में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मोहयाल भाई–बहनों ने भाग लिया। प्रधान जी ने मंगलकामना की कि आने वाला वर्ष सभी के जीवन में खुशियाँ व उल्लास लेकर आए। वैदिक मंत्रों द्वारा किए गए यज्ञ में सभी मोहयाल भाई–बहनों ने आहुतियाँ डालीं। बाद में पुष्पांजलि व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

सभी ने चाय व भोजन का आनंद लिया तथा परिवारों को आपस में मिल कर सभा को और संगठित करने तथा समाज के लिए अच्छे कार्य करने को कहा।



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

इस अवसर पर दिनेश दत्ता, अश्विनी दत्ता, मनोज दत्ता, सुभाष दत्ता, विजयंत बाली, अरविन्द मेहता, वरिन्द्र दत्त वैद, अरुण बाली, रविन्द्र कुमार दत्ता, सुनीता वैद, दिव्य दत्ता, डेज़ी दत्ता, चन्द्रकान्ता दत्ता, अनुराधा दत्ता, उषा दत्ता, मीनू शर्मा, निरुपमा, विपुल बाली, पी.पी. मोहन, कर्मचन्द भिमवाल, और राजीव मैहता उपस्थित थे।

## नज़फगढ़



मोहयाल सभा नज़फगढ़ की मासिक बैठक 6.01.2019 को प्रधान श्री शेर जंग बाली की अध्यक्षता में श्री सोमदत्त बक्शी के निवास स्थान (21 गौशाला कालोनी, धर्मपुरा, नज़फगढ़, नई दिल्ली 110043) में मोहयाल प्रार्थना व गायत्री मंत्रोच्चारण के साथ आरम्भ हुई। जिसमें 15 भाई–बहनों ने भाग लिया। सभा के सचिव श्री हर्ष दत्ता ने पिछले माह की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वित्त सचिव श्री बलदेव राज दत्ता ने लेखा–जोखा पेश किया। जिसका सब सदस्यों ने अनुमोदन किया।

प्रधान जी ने सभी को नये साल 2019 की शुभकामना दी। प्रधान जी ने अनुरोध किया कि बैठक में अधिक से अधिक सदस्य भाग लें ताकि बिरादरी में मेल–जोल बना रहे।

मोहयाल सभा नज़फगढ़ की अगली बैठक 3 फरवरी 2019 को हर्ष दत्ता, सचिव के निवास स्थान (दत्ता प्लाजा, 22 ओल्ड रोशनपुरा, नज़फगढ़, नई दिल्ली 110043) प्रातः 10:30 बजे होगी। सभी ने बढ़िया जलपान के लिए श्री सोमदत्त बख्शी को धन्यवाद किया। सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने का अनुरोध है।

***शेर जंग बाली,*** *प्रधान*
*मो. 9871756765*

***हर्ष दत्ता,*** *सचिव*
*मो. 9312174583*

## यमुनापार–दिल्ली




मोहयाल सभा यमुनापार की मासिक बैठक 6 जनवरी को मुख्य उपप्रधान श्री विनोद बाली की अध्यक्षता में मोहयाल भवन झील कुरेंजा के हॉल में मोहयाल प्रार्थना के साथ प्रारम्भ हुई। 18 सदस्यों ने मीटिंग में भाग लिया।

सभी को नववर्ष की शुभकामनाएँ दी गयी। सेक्रेटरी ने पिछले माह की कार्यवाही को पढ़ा, जिसका सभी ने एकमत से अनुमोदन किया। सभा के आय–व्यय का लेखा–जोखा सभा पटल पर रखा गया। श्री कुलभूषण छिब्बर ने भवन बुकिंग से सम्बंधित जानकारियाँ और उसमें आने वाली समस्याओं का उल्लेख किया। श्री गुलशन छिब्बर ने अपनी रिश्ते–नाते सम्बंधित कार्यों की जानकारी दी। सेक्रेटरी ने सूचित किया कि वरिष्ठ सदस्य श्री एम.एम. वैद पिछले दिनों बीमार रहे हैं, अभी उनका स्वास्थ्य बेहतर है। सभा की मुख्य–कार्यकारिणी अगली मीटिंग से पहले अपनी एक विशेष मीटिंग करेगी जिसमें सभा के विस्तार पर चर्चा होगी जिसकी सूचना कार्यकारिणी के सदस्यों को दी जा चुकी हैं।

श्री दलीप सिंह दत्ता, श्री इंद्र मोहन मेहता, डॉ. वी.एस. लौ, श्री विनोद बाली, श्री संजीव बाली मुख्य दानकर्ता रहे।

अंत में चाय–पान के बाद विनोद बाली ने सभी को धन्यवाद दिया।

***विनोद बाली,*** *उपप्रधान*
*मो. 9871819500*

***संजीव बाली,*** *सचिव*
*मो. 7678262318*

**मोहयाल मित्र में रचनाएँ भेजने के पश्चात् प्रकाशन के लिए दो माह तक प्रतिक्षा करें। इसके पश्चात् ही कार्यालय से संपर्क करें। कृपया समस्त रचनाएँ-रिपोर्ट साफ-साफ लिखें जिन्हें पढ़ा जा सके। पोस्ट कार्ड या छोटे-छोटे कागज के टुकड़ों पर लिखकर रचनाएँ न भेजें। ई-मेल से भेजी रचनाएँ और रिपोर्ट साफ-साफ लिख कर भेजें। नहीं तो छप नहीं पाएगी।**

 For courses in MERIT, visit: http://www.meritlogics.com

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

## हमारे, आपके, हम–सबके प्रिये "जय मोहयाल जी थे वो"!!

चौधरी दलीप सिंह दत्ता जी, जिन्हें सभी प्रेम और गर्व से जय मोहयाल जी कहते थे, ने 16 जनवरी 2019 को अपने निवास पर अंतिम सांस ली। वह हमारे बीच नहीं रहे, परन्तु उनकी मधुर–मोहयालियत सदा हमारे साथ रहेगी। चौधरी इकबाल सिंह दत्ता के पुत्र दलीप सिंह जी का जन्म 16 अक्टुबर 1933 (ज़फरवाल–नारोवाल पाकिस्तान) में हुआ। तीन भाइयों और एक बहन के साथ उनका बचपन अभी जवानी की ओर प्रवेश ही कर रहा था कि देश को बंटवारे का दंश झेलना पड़ा। उन्होंने मुझे बताया था कि वह यमुनापार–दिल्ली में आ बसे थे और अपना निजी व्यवसाय प्रारम्भ किया।



उसी दौरान ही उन्होंने मोहयाल सभा यमुनापार की मीटिंग में जाना आरम्भ किया। वार्षिक सदस्यता, विधवा–फंड और अन्य सामाजिक कार्यों के लिए वह यमुनापार के मोहयालों के घर आने–जाने लगे, इसी दौरान मैंने भी उन्हें देखा था। वह लगभग 20 वर्षों तक मोहयाल सभा यमुनापार के प्रधान रहे। जनरल मोहयाल सभा की मैनेजिंग कमेटी के सदस्य रहे अभी तक भी वह सरपरस्त एम.एस. यमुनापार तथा जी.एम.एस. की सलाहकार समिति के सदस्य थे। शाँत स्वभाव परन्तु मजबूत इरादों के दत्ता साहब को यमुनापार का एक–एक मोहयाल परिवार जानता था या यूँ समझिए जो मोहयाल सभा को भी नहीं जानता था दत्ता साहिब को जानता था।

यमुनापार–दिल्ली 50 वर्षों से अधिक समय से, समय और धन से वह निस्वार्थ भाव से सेवा करते रहे। मोहयाल भवन (झील) के नवीकरण से मोहयाल आश्रमों के लिए चन्दा एकत्र करना तक, उनके द्वारा किए गए अनगिनत कार्य हैं जिनको चंद शब्दों में नहीं बताया जा सकता। दत्ता साहिब सदैव मोहयालों, विशेष रूप से यमुनापार मोहयाल सभा के लिए विचार करते रहते थे, उनका लगाव स्वभाविक था उन्होंने अपने जीवन के बहुमूल्य वर्ष इस सभा को दिए हैं। "जय मोहयाल" के उद्घोष के साथ ही वह सदैव हमारी स्मृति में रहेंगे.. मोहयाल सभा यमुनापार महान मोहयाल–समाजसेवी को शत्–शत् नमन् करती हैं!! ऊँ शाँति–शाँति जय मोहयाल!!

*__संजीव बाली (बंटी)__ मो. 7678262318*

## श्रीमती वेदकुमारी मेहता का निधन

खेद के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय माता जी श्रीमती वेदकुमारी पत्नी स्व. डॉ. किशोरीलाल मेहता, 50, सिविल लाईन, एकता विहार कॉलानी झाँसी (उ.प्र.) का स्वर्गवास 95 वर्ष की आयु में दिनाँक 23.12.2018 को हो गया है। अतः उनकी धर्मशान्ति अर्थात् रस्म–पगड़ी का आयोजन 26.12.18 को आर्य समाज मंदिर सदर बाजार झाँसी में किया गया था। वह अपनी सबसे छोटी बेटी श्रीमती नीरू मेहता पत्नी श्री बृजभूषण मेहता के बेहद करीब थीं तथा अपने दोता रोहित मेहता से भी उन्हें बहुत प्रेम था। वे बहुत दानी, अत्यन्त परोपकारी हर तरह की सहायता में तत्पर रहीं। उन्होंने अपने रिश्ते बहुत अच्छे से निभाए तथा बिरादरी व समाज में प्रतिष्ठित व लोकप्रिय रहीं। वे बहुत ही मधुरभाषी, मिलनसार, धर्मकर्म को मानने वाली तथा पक्की आर्यसमाजी थीं। अब उनके जाने के बाद हम लोग बहुत अकेले हो गए हैं।




"चिट्ठी न कोई संदेश, जाने वो कौन सा देश, जहाँ तुम चले गए"।

*आपकी छोटी बेटी–__नीरू मेहता,__ मो. 8934809502*

## श्री गिरधारीलाल बक्शी (भीमवाल) का निधन

श्री गिरधारी लाल बक्शी (भीमवाल) पुत्र स्व. श्री वजीर चन्द बक्शी (स्वतंत्रता सेनानी) के पुत्र थे। उनका जन्म 26 जनवरी 1932 को तहसील कोटा, जिला रावलपिंडी (पाकिस्तान) में हुआ था। 16 मई 1947 को वो अपने परिवार वालों के साथ भारत आ गए थे। उन्होंने आठवीं तक की शिक्षा प्राप्त की थी तब देश का विभाजन हो गया और वे अपने परिवार के साथ जिला अलवर (राजस्थान) में आकर सेटल हुए। आगे की शिक्षा छोड़ खेती का कार्य करने लगे। पाँच भाईयों में से वे सबसे बड़े थे। छोटी उम्र में ही पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई थी। परिवार के छोटे भाईयों को पढ़ाने एवं आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा।





PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

सन् 1959 में उनकी शादी हुई। उन्होंने सारा जीवन सादगी से गुज़ारते हुए परिवार और बिरादरी में सामाजिक रिश्तों को मजबूत बनाने का कार्य किया। उनकी पत्नी स्व. वशेषरा देवी का निधन 18 मार्च 2015 को हुआ था। किसी कारणवश गिरधारी लाल बक्शी अपने परिवार के साथ मई 2015 में जवालापुर, हरिद्वार में जा बसे। जहाँ 86 वर्ष की उम्र में 23 दिसंबर 2018 रात्रि 3 बज कर 10 मिनट पर उनका स्वर्गवास हो गया। वे अपने पीछे पुत्र श्री राजेन्द्र बक्शी एवं दो पुत्रियों जो सभी शादीशुदा हैं को छोड़ गए हैं। समस्त बक्शी परिवार हरपल आपको हमेशा स्मरण करता रहेगा। आपका आशीर्वाद एवं स्नेह आज भी बक्शी परिवार के साथ रहा है तथा रहेगा। हार्दिक श्रद्धांजलि सहित पुत्र श्री राजेन्द्र बक्शी (भीमवाल) द्वारा 1100 रुपए सहायता राशि जी.एम.एस. को उनकी स्मृति में भेंट किए हैं। उनका सादगी भरा जीवन सभी के लिए प्रेरणा दायक है।

## स्वर्गीय श्री जगदीश लाल वैद की पहली पुण्य-तिथि पर श्रद्धांजलि

स्वर्गीय श्री जगदीश लाल वैद पुत्र स्वर्गीय श्री सरदारी लाल



वैद व स्व. श्रीमती लाल देई निवासी 130 कुलदीप नगर राजपुरा पंजाब की पहली पुण्यतिथि 26.01.2019 पर इनकी धर्मपत्नी श्रीमति उर्मिला वैद ने 250 रुपए मोहयाल सभा अंबाला शहर व 250 रु. जी. एम.एस. में हरिद्वार लंगर फण्ड में दान दिए।

पूरा वैद परिवार, सगे संबन्धी व मित्रगण परम् पिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। ओम् शांति!

***पंकज बाली,*** *प्रधान, मोहयाल यूथ विंग अंबाला शहर*

## ज्ञान की बातें

1. **शीशमहल-** एक आदमी ने अपने कमरे में हज़ारों आईने लगवाए। वह जब आता उनमें अपना रूप देखकर प्रसन्न होता। एक दिन कमरे का दरवाज़ा खुला रह गया। उसमें कुत्ता आ गया। उसने आईने में अपनी परछाईं देखकर सोचा ये अन्य कुत्ते हैं। वह उन पर भौंक–भौंक कर थक गया और मर गया। यह संसार शीशमहल की तरह है। जो इसमें जैसा चाहे, वैसा देख सकता है।

2. **असंतोष-** एक राजा था। उसे मंत्री ने बताया कि राज्य का खज़ाना भरा पड़ा है। आपकी आने वाली दस पीढ़ियाँ आराम से खा सकेंगी। राजा ने उदास होकर कहा–"ग्यारहवीं पीढ़ी का क्या होगा?"

3. **दाँत और जीभ-** गुरु ने शिष्यों से पूछा, "मनुष्य के दाँत पहले क्यों गिर जाते हैं?" शिष्य उत्तर न दे सके। गुरु ने समझाया, "दाँत बहुत कठोर होते हैं इसलिए जल्दी गिर जाते हैं। जीभ नरम होती है। वह अपने को मोड़ लेती है। इसलिए उम्र भर साथ रहती है।"

4. **अच्छा-बुरा-** एक बार श्री कृष्ण ने युधिष्ठिर से कहा, "जाकर किसी बुरे आदमी को ले आओ।" युधिष्ठिर बहुत देर के बाद खाली हाथ लौटा और कहा, "मुझे कोई बुरा आदमी नहीं मिला।"

तब श्री कृष्ण ने दुर्योधन से बुरा आदमी लाने के लिए कहा। दुर्योधन तुरंत बोला, "मैं तो सैंकड़ों बुरे आदमियों को जानता हूँ। बताइए कितने लाऊँ?"

संसार अच्छो को अच्छे और बुरों को बुरे व्यक्ति मिलते हैं।–*संपादक*

### *'समय'*

*ज़िंदगी की राह में,*
*समय है एक जंग,*
*एक तरफ़ है घड़ी के काँटें,*
*तो दूसरी तरफ हैं हम।*

*कद्र करो वक्त की,*
*तो वक्त देगा साथ,*
*एक बार जो निकला हाथ से,*
*तो सब कुछ हो जाएगा खाक।*

*वक्त है साथ तो,*
*हर बाज़ी है अपने हाथ।*

*वक्त बदलता है कितने रंग,*
*कोई होता है परेशान, कोई होता है दंग,*
*कभी सुबह कभी शाम, कभी गर्म कभी नरम,*
*कभी धूप कभी छाँव, यह खेले हर दाँव।*

*कर लो दोस्ती इस वक्त से, कर्मठता से, ईमानदारी से,*
*मेहनत से, अनुशासन से,*
*वीरता और धीरता से, हर पल गंभीरता से।*

*पल में पल बदल जाएगा,*
*वक्त बदलता है बदल जाएगा।*

***आहना दत्ता*** *सुपुत्री अंजली दत्ता व बृजमोहन दत्ता, देहरादून,*
*मो. 08168922813*



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor